Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding bad condition of NH 14 in Birbhum Parliamentary Constituency.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम): सर, मेरी कन्स्टिचूअन्सी बीरभूम में पहले एन.एच. 60 था, अब यह एन.एच.14 हो गया है। लोहापुर से नालहट्टी और सुरी से डुबराजपुर तक के रास्ते का हाल बहुत ही खराब है। आप वहाँ जाएंगे तो आपको ऐसा लगेगा कि जो लोडेड ट्रक्स हैं, वे आपके ऊपर ही गिर जाएंगे। वहाँ बहुत सारे ट्रक्स पलट भी जाते हैं और खराब रोड की वजह से एक्सीडेन्ट्स भी हो जाते हैं। एमपीज़ के एमपीलैड फंड को वापस लेकर उन्हें दो या ढाई साल के लिए वॉलन्टरी रिटायरमेंट दे दिया गया है। अभी हम लोग वी.आर.एस में हैं। इस समय मिनिस्टर का जो काम है, सरकार और मिनिस्ट्री की तरफ से जो काम होते हैं, अगर वह जल्दी से हो जाए तो हम लोगों को जो लोग वोट देते हैं, उनका भरोसा हमारे प्रति अटूट बना रहेगा।

सर, मैं आपके माध्यम से बोलना चाहती हूँ कि इसके बारे में मिनिस्ट्री को बताया जाए कि वहाँ जल्दी से काम किया जाए। यह काम पेपर्स, फाइल्स या पॉलिसी में रूकना नहीं चाहिए। पॉलिसी चाहे बदल दी जाए, लेकिन वहाँ का काम जल्दी से कराया जाए।